माता-पिता/संरक्षकों के लिए जानकारी

भाषा, संस्कृति, समझ। यह सब प्रीस्कूल में शुरू होता है।

अर्ली लर्निंग लैंग्वेजस ऑस्ट्रेलिया (**ELLA**) प्रोग्राम

ELLA ऑस्ट्रेलियाई सरकार की एक पहल है।

Early Learning Languages Australia (ELLA) (www.ella.edu.au)

भाषा के माध्यम से अपनी दुनिया को समझें।

ELLA क्या है?

> 'यह मेरे 25 साल के शिक्षण करियर के सीखने के सर्वश्रेष्ठ अनुभवों में से एक रहा है। मैं रोजाना अचरज करता हूँ कि बच्चे कितनी जल्दी सीखते हैं और इस शिक्षण को पसंद करता हूँ।'
>
> – प्रीस्कूल में ELLA प्रोग्राम का उपयोग करता एक शिक्षक

ELLA प्रीस्कूल के बच्चों के लिए एक मजेदार और आसान डिजिटल भाषा कार्यक्रम है। यह ऑस्ट्रेलियाई सरकार की एक पहल है जिसका उद्देश्य बाद के वर्षों में भाषाएं सीखने के लिए अधिक छात्रों को प्रोत्साहित करना है।

दो साल के परीक्षणों के दौरान परिवारों और शिक्षकों से भारी सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद, ELLA कार्यक्रम 2017 में सभी प्रीस्कूलों के लिए उपलब्ध कराया गया।

ELLA छोटे बच्चों के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार की स्क्रीन समय की सिफारिशों के साथ संरेखित है, जिसमें कई छोटे सत्रों में प्रति सप्ताह अधिकतम 40 मिनट लगते हैं।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया यहां वेबसाइट पर जाएं:

National Physical Activity Recommendations for Children 0–5 years old (http://www.health.gov.au/internet/main/publishing.nsf/content/phd-physical-activity-0-5-pdf-cnt.htm).

ELLA कैसे काम करता है?

ELLA बच्चों को इंटरेक्टिव टैबलेट ऐप के माध्यम से एक नई भाषा सिखाना शुरू करता है। यह ऐप भाषाओं, आरंभिक बाल्यकाल और प्रौद्योगिकी के विशेषज्ञों के परामर्श से विकसित किया गया है। पॉलीग्लॉट नामक पात्रों का एक समूह बच्चों का परिचय दूसरी भाषा के शब्दों, वाक्यों और गीतों से कराता है। ये ऐप छोटे बच्चों की रुचियों और गतिविधियों, जैसे समारोहों, खाना पकाने के अनुभवों, कला संबंधी कार्यकलापों, निर्माण और वार्तालाप गतिविधियों आदि का उपयोग करके शिक्षण के प्रति एक मस्ती वाले दृष्टिकोण का उपयोग करते हैं।

2018 में, वर्तमान में उपलब्ध सात भाषाओं- अरबी, चीनी (मंदारिन), फ्रेंच, इन्डोनेशियाई, इतालवी, जापानी और स्पेनिश के साथ हिंदी और आधुनिक यूनानी को शामिल किया जाएगा। ELLA ऐप्स में खाना पकाने, कहानियों या संगीत, अथवा प्रीस्कूल में अपनी संस्कृति को साझा करने के लिए परिवार और समुदाय के सदस्यों को आमंत्रित करने जैसी अन्य गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के भाषा और संस्कृति के अनुभव को समृद्ध बनाने के अवसरों का सृजन करता है।

सभी ELLA ऐप्स अर्ली इयर्स लर्निंग फ्रेमवर्क (EYLF), जो प्रारंभिक बाल्यकाल की शिक्षा और देखभाल के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार के नेशनल क्वालिटी फ्रेमवर्क का मुख्य घटक है, में सीखने के परिणामों के साथ संरेखित हैं।

ऑनलाइन सुरक्षा के संबंध में, ELLA ऐप्स प्रत्येक प्रीस्कूल में एक बंद प्रणाली के भीतर काम करते हैं - ये ऐप्स जनता के लिए उपलब्ध नहीं हैं। प्रीस्कूल के बाहर किसी भी व्यक्ति के साथ संवाद करने के लिए उनका उपयोग नहीं किया जा सकता है।

आपके लिए एक ELLA ऐप

ELLA में एक परिवार ऐप भी है, जिसे आप ऐपल डिवाइसों के लिए App Store से और एंड्रॉयड के लिए Google Play से मोबाइल या टैबलेट डिवाइस पर मुफ्त डाउनलोड कर सकते हैं। इसका इस्तेमाल घर में सीखने के किसी अनुभव को आजमाने और ELLA के बारे में अधिक जानने के लिए करें।

ELLA के क्या लाभ हैं?

'मेरा बच्चा इन्डोनेशियाई भाषा में 10 तक गिनता है जो कि उसकी छोटी बहन भी करती है, जबकि वह प्रीस्कूल जाती भी नहीं है।'

– प्रीस्कूल में ELLA कार्यक्रम का उपयोग करता एक परिवार

ELLA के उपयोग से बच्चों को कई लाभ मिले हैं।

बच्चे इस बारे में अपने ज्ञान का विस्तार करेंगे कि भाषा कैसे काम करती है और इन कौशलों को अन्य साक्षरता कार्यों पर लागू करेंगे, जैसे शब्दों में ध्वनि को ध्यान से सुनना। इन कौशलों का उपयोग तब किया जाएगा जब बच्चे पढ़ना और लिखना सीखेंगे। ELLA मूलभूत कौशल विकसित करने में भी मदद करेगा, जैसे रंगों को जानना, गिनना और अभिवादन करना।

अनुसंधान ने दिखाया है कि बच्चों के कम उम्र में भाषा सीखना शुरू करने से उन्हें माध्यमिक विद्यालय के दौरान भाषाओं का अध्ययन जारी रखने के लिए प्रोत्साहन मिलता है।

'[मेरा बच्चा] स्कूल में उसके द्वारा सीखे गए नए शब्दों को घर के संदर्भ में लागू करने की इच्छा के साथ घर आता है। वह अपनी दो साल की बहन को फ्रेंच में गिनती करना भी सिखा रहा है। वह अक्सर चीजों का वर्णन फ्रेंच में करता है।'

– प्रीस्कूल में ELLA कार्यक्रम का उपयोग करता एक परिवार

ELLA ऐप्स के साथ खेलने से बच्चों को संज्ञानात्मक और सामाजिक कौशलों का विकास और उपयोग करने में मदद मिलती है। वे टैबलेट और अपने ज्ञान को साझा करेंगे, आपस में बातचीत करेंगे और एक-दूसरे की मदद करेंगे। भाषा सीखना स्मृति, एकाग्रता और महत्वपूर्ण सोच-विचार के कौशलों को सुधारता है। ELLA ऐप्स का उपयोग बच्चों के डिजिटल कौशल को भी बढ़ाता है।

ELLA संस्कृति और विविधता का जश्न मनाने, मातृ भाषाओं को साझा करने, तथा परिवारों और प्रीस्कूलों के बीच संबंधों को मजबूत करने के अवसरों का सृजन भी करता है।

ELLA के बारे में अग्रिम जानकारी

ELLA वेबसाइट **www.ella.edu.au** पर जाएं।

अपने बच्चे के प्रीस्कूल से मालूम करें कि क्या वह अपने प्रीस्कूल या किंडरगार्टन कार्यक्रम के भाग के रूप में ELLA पहले से प्रदान करता है। यदि आप इसे वहां शुरू कराने में रुचि रखते हैं, तो आपको अपने प्रीस्कूल के शिक्षक या निदेशक को ELLA के बारे में बताना चाहिए।

ELLA is funded by the Australian Government Department of Education and Training and is managed by Education Services Australia. © 2018 Commonwealth of Australia, unless otherwise indicated. This material, other than Commonwealth trade marks in The Polyglots characters and The Polyglots logo, may be used in accordance with the Creative Commons BY-NC 4.0 licence (creativecommons.org/licenses/by-nc/4.0), unless otherwise indicated.